# समाचार

## बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामने लाना हम सबका दायित्व—महापौर

### (बधिर दिवस पर दिव्यज्योति छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की महापौर ने)



कोरबा 26 सितम्बर 2016 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि मुक बधिर बच्चों के अंदर सामान्य बच्चों की तरह ही अनेक प्रतिभाएं छिपी हैं, इन बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाना तथा उन्हें आत्मविश्वास से परिपूरित करना हम सभी का दायित्व है, उन्होने कहा कि दिव्य ज्योति स्कूल इन बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने एवं उन्हें अच्छे संस्कार प्रदान करने की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है, जिसके लिए मैं अपनी बधाई व शुभकामनाएं देती हूॅ।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बधिर दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। बधिर दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर रैली निकाली गई तथा दिव्य ज्योति छात्रावास रामुपर कोरबा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, इस मौके पर उन्होने बच्चों को ट्रेक सूट का वितरण तथा छात्रावास के बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों की वहां पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बच्चों को उनके उज्ववल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खूब आगे बढ़े तथा प्रदेश व देश के विकास में अपनी प्रतिभा के बल पर अपनी प्रमुख भूमिका निभाएं, उन्होने आगे कहा कि यहां के बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली है, प्रदर्शनी में लगे हुए उनके द्वारा बनाए गए चित्र उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं, हम सभी का कर्तव्य है कि हम इन बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उभारने का काम करें। इस अवसर पर दिव्य ज्योति मूकबधिर स्कूल की प्राचार्य रीता खेत्रपाल, वरिष्ठ नेत्री संगीता सक्सेना, सपना चौहान, मंगल बुधिया, विशेष शिक्षिका हेमलता सूर्यवंशी, रोटरी प्रेसीडेंट भारती अरोरा, इनरव्हील प्रेसीडेंट ज्योति अरोरा, सचिव ज्योति जुनेजा, पंजाबी महिला मण्डल सचिव उषा शर्मा, रोटरी क्लब के सचिव नितिन चतुर्वेदी, रोटरी सदस्य मनदीप भाटिया, कुलदीप भाटिया, मोहिन्दर कौर, पारस जैन, मनीष अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, चन्दा अग्रवाल, मंजीत सिंह, प्रदीप खेत्रपाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।